हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 18 .5 डिग्री

13 दुर्गाष्टमी पर शहर में धूमधाम ने निकाली मां भवानी की शोभा यात्रा, मंदिरों में महागौरी की हुई पूजा



14 जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड के खैरथल-पड़ीसल और पड़ीसल-अलवर स्टेशनों के मध्य होगा आरयूबी लॉन्चिंग कार्य



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 21 मार्च को हुए हादसे में वाहन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के मातनवास निवासी अमरीक सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हुड़दंगबाजी करने के चार आरोपी दबोचे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सुठानी के पास सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि चार लोग शराब के नशे में हुड़दंगबाजी कर रहे हैं। इससे आसपास के लोगों की शांति भंग हो रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुठानी में किराए पर रहने वाले दीपू, प्रेम कुमार, रवि और राहुल हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। बाद में उन्हें निजी मुचलके के आधार पर रिहा कर दिया गया।

### आर्म्स एक्ट व लूट का आरोपी किया काबू

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गत वर्ष हुई लूट व गोली चलाने की घटना में एक आरोपी को जांच में शामिल किया है। पुलिस ने गत वर्ष 26 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। लूट और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले में कई आरोपी शामिल थे। इस मामले में एक और आरोपी पलवल के घाघोट निवासी साबिर को पुलिस ने जांच में शामिल किया है। जमानत पर होने के कारण आरोपी को बाद में रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान के कोलीला निवासी मुकेश के खिलाफ अदालत में मामला चल रहा है। मामले के चलते वह कोर्ट में पेशी पर नहीं पहुंच रहा था। नोटिस जारी करने के बाद कोर्ट ने उसे वर्ष 2023 में पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लग पाया था। उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व धमकी के चार आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने नंगली गोधा में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने 25 मार्च को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नंगली गोधा निवासी धर्मपाल, ईश्वर, बीरमती और रेणू को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

---

*एचवीपीएन ने लगाया 20 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर*

# कोसली पावर सब स्टेशन हुआ अपग्रेड अब नहीं रहेगी ओवरलोडिंग की समस्या

**3.25 करोड़ के खर्च से कैपेसिटी बढ़कर हुई 115 एमवीए, सात फीडरों की बिजली नहीं होगी बाधित**

सुनील गर्ग ▶▶ कोसली

एचवीपीएन ने कोसली व आसपास के गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली मुहैया कराने के लिए 132 केवी क्षमता के पावर सब स्टेशन को अपग्रेड करते हुए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। लगभग 3.25 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए गए नए ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक चालू कर दिय गया है। इससे सब स्टेशन की कैपेसिटी बढ़ गई है। बिजली उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग के कारण लगने वाले कटों से राहत मिलेगी। अभी तक सब स्टेशन में अलग-अलग कैपेसिटी के 3 पावर ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। इनकी कुल कैपेसिटी 95 एमवीए थी। उपभोक्ताओं की संख्या और लोड बढ़ने के कारण सब स्टेशन ओवरलोड की स्थिति का सामना कर रहा था। खासकर गर्मी के सीजन में लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर डैमेज होने की आशंका बनी रहती थी। ओवरलोडिंग की सूरत में कोसली व आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को अनावश्यक पावर कटों का सामना भी करना पड़ रह था। समस्या से निजात दिलाने के लिए एचवीपीएन ने 20 एमवीए क्षमता का एक ओर ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया था। निगम मुख्यालय से अनुमति मिलने के बाद गत दिनों नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। बाहर से ट्रांसफार्मर की खरीद करने के बाद इसे कुशलतापूर्वक चालू कर दिया गया। इससे सब स्टेशन का लोड बढ़कर 115 एमवीए हो गया है।



रेवाड़ी। कोसली पावर सब स्टेशन में स्थापित किया गया ट्रांसफार्मर। फोटो :हरिभूमि

### सात फीडर के लिए रहेगा उपयुक्त

इस सब स्टेशन में 132 बाई 11 केवी क्षमता का ट्रांसफार्मर एक ही था, जिससे 11 केवी के सात फीडर जुड़े हुए हैं। दूसरे ट्रांसफार्मर अलग कैपेसिटी के हैं। एक ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद 11 केवी के सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती थी। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद एक सप्ताह तक परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब इन फीडरों की आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

### एक्सईएन ने टीम की सराहना की


ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चालू होने के बाद संजय यादव ने पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके कार्य की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि सब स्टेशन की क्षमता बढ़ने का फायदा कोसली व आसपास के गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्हें अनावश्यक कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### इन अभियंताओं ने किया स्थापित

*ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए एक्सईएन संजय यादव की अगुवाई में एक कमेटी ने कार्य शुरू किया था। इसमें एमएंडपी गुरूग्राम के एक्सईएन अमित मान शामिल थे। ट्रांसफार्मर स्थापित कराने का कार्य एसडीओ माधव राव, अरुण यादव, जेई सतीश कुमार व अनूप यादव के सुपरविजन में किया।*



---



रेवाड़ी। मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### भाकियू चढूनी ने मांगों को लेकर मार्केट कमेटी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रतिनिधि मंडल ने वीरवार को जोन अध्यक्ष रवि प्रकाश यादव के नेतृत्व में मार्केट कमेटी सचिव मनीष कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि मौसम बार-बार बदल रहा है। अनाजमंडी के टीन शैड में व्यापारियों की फसल का उठान कराया जाए, ताकि किसान अपनी फसल डाल सके। उन्होंने खरीद में बायोमैट्रिक प्रणाली का विरोध किया। उन्होंने ट्रैक्टर नंबर की अनिवार्यता पर भी आपत्ति जताई। इस मौके पर राजेंद्र कुमार गेरा, महिला जिला प्रधान मुन्नी बूढ़पुर, मनीषा यादव बोड़यिा कमालपुर, सविता एडवोकेट, राजकुमार एससी सेल, प्रिंसिपल राजकुमार व शहरी प्रधान कृष्ण कुमार सैनी सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार पांच लोग घायल

**रेवाड़ी।** एनएच-11 पर छुरियावास के पास वीरवार तड़के ट्रक की टक्कर से कार सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। शेरपुर निवासी धनीराम व उसके परिवार की संगीता, रीना व गीता किसी काम से कार लेकर सुबह घर से रवाना हुए थे। छुरियावास गांव के पास एनएच-11 पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक व कार सवार अन्य लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। वहां बच्ची गीता की हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

---

## सेक्स रैकेट पकड़ने के लिए तीन हजार में किया सौदा



रेवाड़ी। अरोपियों को गाड़ी में बैठाते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

■ पुलिस को ओयो महाकाल होटल में देह व्यापार का धंधा चलने की सूचना मिली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

उत्तम नगर में एक होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए पुलिस ने बोगस ग्राहक बेचकर मैनेजर को काबू करने में सफलता हासिल की थी। पुलिस होटल मालिक की तलाश कर रही है। सेक्स रैकेट पकड़ने के लिए पुलिस ने एक बोगस ग्राहक होटल में भेजा था, जिससे 3 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था।

पुलिस को ओयो महाकाल होटल में देह व्यापार का धंधा चलने की सूचना मिली थी। इसके बाद बीते बुधवार की शाम पुलिस ने एक बोगस ग्राहक बनाकर होटल में भेजा था। उससे होटल मैनेजर शुक्रपुरा निवासी विक्की ने तीन हजार रुपये लेने के बाद एक महिला मुहैया कराई थी। इसके बाद पुलिस ने होटल पर रेड करते हुए विक्की को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 3 हजार रुपये, होटल का रजिस्टर, फोन-पे का स्पीकर व अन्य सामान बरामद किया है। आरंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि होटल में ग्राहकों को मुहैया कराने के लिए बाहर से महिलाओं को बुलाया जाता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ व होटल मालिक की तलाश में जुटी हुई है।

### वाल्मीकि बस्ती मारपीट मामले के 21 आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने वाल्मीकि बस्ती में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट मामले के दूसरे पक्ष के 8 लोगों को पुलिस पहले ही ही गिरफ्तार कर चुकी है।

■ मारपीट मामले के दूसरे पक्ष के 8 लोगों को पुलिस पहले ही ही गिरफ्तार कर चुकी

बीते दिनों दो पक्षों के बीच आपसी विवाद के चलते जमकर मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान के आधार पर दो अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। एक दिन पहले पुलिस ने एक पक्ष के वाल्मीकि मोहल्ला निवासी पुष्प कुमार, अमित, राकेश, महेश, सौदागर उर्फ संतलाल, गजराज, राजेश और विकास को गिरफ्तार किया था। अब दूसरे मामले में पुलिस ने आयुष, क्रिश, अशोक, रानी, जवाहर, फूलसिंह, शीला, प्रदीप, नरेंद्र, संजय, राहित, संदीप, नितेश, विपिन, अजीत, उमेश, जगदीश, हीरा, रविंद्र, विशाल व प्रेम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट के तुरंत बाद भी एक पक्ष के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

## पुलिस टीम ने नागरिकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए की पैदल गश्त

■ क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से नागरिकों को सुरक्षित माहौल देने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर पैदल गश्त की जा रही है। सिटी थाना एसएचओ इंस्पेक्टर सूबे सिंह, खोल इंस्पेक्टर गजराज सिंह, कसोला इंस्पेक्टर सतीश कुमार, जगन गेट चौकी इंचार्ज एसआई संदीप कुमार, कुंड चौकी इंचार्ज एसआई योगेश कुमार व सेक्टर-3 चौकी इंचार्ज पीएसआई राकेश कुमार ने बुधवार रात्रि टीमों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी लिए। उन्होंने ने कहा कि पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे तथा अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ आमजन का पुलिस पर विश्वास भी सुदृढ़ हो। इस मौके पर युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। गश्त के दौरान लोगों से संवाद करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## आग लगने से डेढ़ एकड़ सरसों की फसल जली

■ फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचने तक सरसों की फसल जलकर राख को गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

जुड्डी गांव में बुधवार देर सांय आग लगने से एक किसान की लगभग डेढ़ एकड़ सरसों की फसल जलकर राख हो गई। इससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस आगजनी के कारणों की जांच कर रही है। किसान महाबीर ने अपनी 1.5 एकड़ सरसों काटने के बाद खेत में एकत्रित की हुई थी। अचानक सरसों की फसल से धुआं निकलने लगा। आसपास के लोगों ने महाबीर को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचने तक सरसों की फसल जलकर राख को गई थी। महाबीर ने आशंका जताई है कि उसकी फसल को किसी ने जानबूझकर आग लगाई है, जिससे उसका हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। कोसली पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी।



---

**आंधी और बरसात की आशंका कर रही परेशान, मौसम जल्द साफ होने की संभावना नहीं**

# बादलों ने बढ़ाई किसानों की धड़कन, फसल कटाई का कार्य तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बार-बार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता मौसम में बदलाव लाने का काम कर रही है। एक तीन दिन मौसम साफ रहने के बाद एक बार फिर आसमान में बादल छाते ही किसानों की धड़कनें बढ़नी शुरू हो गई हैं। इस समय अगर बरसात होती है, तो इससे फसलों को काफी नुकसान हो सकता है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। बुधवार की रात जिले के कई एरिया में हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम बदल गया था। वीरवार को सुबह के समय आसमान पूरी तरह साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के बाद मौसम का मिजाज गर्म हो गया। दोपहर तक गर्मी का असर बढ़ गया। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 35.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 4.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे रात के समय भी ठंड का असर गर्मी में बदलना शुरू हो गया है। पंखे और एसी दनादन चलने शुरू हो गए हैं। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत तक रहा। हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही।



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर बाद शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### तापमान का स्तर लगभग सामान्य पर बना

तापमान का स्तर लगभग सामान्य पर बना हुआ है। बीते सप्ताह बारिश के बाद तापमान सामान्य से काफी कम हो गया था। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि विक्षोभ की सक्रियता से लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार परिवर्तन देखने को मिल सकता है। माह के अंत तक तेज हवाओं के साथ बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में गर्मी पसीना छुड़ाना शुरू कर देगी।

### मौसम फेर सकता है मेहनत पर पानी

जिन किसानों की कटी हुई सरसों बीते दिनों हुई बारिश के कारण भीग गई थी, उन किसानों ने अपनी सरसों को सुखाना शुरू कर दिया। किसान जल्द से जल्द सरसों सुखाकर निकालने की तैयारी में लगे हुए हैं। सरसों सूखने के बाद अगर फिर से बारिश होती है, तो इससे सरसों का दाना खराब होने की आशंका बनी रहेगी। दाना अंकुरित होने के बाद सरसों का वजन कम हो जाएगा। बाजार में उसके भाव भी अच्छे नहीं मिल सकेंगे।

### गेहूं का दाना काला पड़ने की आशंका

सरसों की कटाई अंतिम चरण में चल रही है। इसके बाद किसान गेहूं की कटाई शुरू कर देंगे। बारिश के बाद गेहूं की फसल जमीन पर भी गिर गई थी। अब अगर फिर से बारिश होती है, तो गेहूं की फसल को भी काफी नुकसान होगा। गेहूं का दाना काला पड़ने के बाद मंडियों में उसके सही दाम नहीं मिल पाएंगे। किसान कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने की कामना कर रहे हैं, ताकि वह अपनी फसल निकालकर घरों तक पहुंचा सकें।

### बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर अभियान शुरू

**कोसली।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सबडिवीजन कोसली ने बकाया बिलों की वसूली को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में निगम के अधिकारियों ने बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली के निर्देश जारी किए हैं। निगम के एसडीओ सुमित कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपना बकाया बिल 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करा दें। इसके लिए छुट्टी के दिन भी निगम के कैश काउंटर खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अधिकृत कलेक्शन सेंटर या ऑनलाइन माध्यम से भी अपना बिल जमा करा सकते हैं। एसडीओ ने बताया कि बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने से विलंब शुल्क भी जुड़ जाता है, जिससे उपभोक्ताओं की देनदारी और भी बढ़ सकती है।



रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुति: एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2. हींग, 3. फिटकरी



## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *




**किताब**: आओ, नाटक खेलें, **लेखक**: उमा आनंद, **अनुवादक**: बलराज पंडित, **मूल्य**: 55 रुपए, **प्रकाशक**: नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत



## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**ईशानी, बिलासपुर**



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार



## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### बाइक से गिरकर विद्यार्थी हुआ घायल

**रेवाड़ी।** जड़थल के पास बाइक से गिरकर एक आईटीआई का प्रशिक्षु घायल हो गया। निगानियावास निवासी मनेंद्र घर से बाइक लेकर किसी काम से जा रहा था। जड़थल के पास अचानक साइकिल आगे आने से उसने बचाव करने का प्रयास किया, तो उसकी बाइक स्लिप होकर गिर गई। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उसके शरीर पर काफी चोटें आई हैं। घायल का ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है।



नारनौल। बाजार में गश्त के दौरान पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### पुलिस ने शहर में की पैदल गश्त

**नारनौल।** आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने व शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत पुलिस की टीम ने शहर के मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों व पार्कों का दौरा किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में शांति बनाए रखना और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों व जवानों ने संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों और उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस मुस्तैद है और भविष्य में भी इस तरह के गश्त अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### सलूनी में बाबा भैया का मेला 1 अप्रैल को

**नारनौल।** गांव सलूनी में एक अप्रैल को बाबा भैया का मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रिकेट खिलाड़ी विनोद कुमार ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी नेशनल स्तर, कुश्ती प्रमुख रूप से शामिल हैं। कबड्डी व वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार क्रमशः 31000 व 21000 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 21000 व 11000 रुपये निर्धारित किए गए हैं, जबकि कुश्ती 50 रुपये से लेकर 11000 रुपये तक की करवाई जाएगी। मेले में विशेष आशीर्वाद सेवादास महाराज महंत बाबा भैया आश्रम सलूनी का प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव तथा अतिविशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार शिरकत करेंगे। बाहर से आने वाली टीमों के रहने व भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

### व्रतियों ने घरों में पूजन कर कंजिकाओं को करवाया भोजन

# दुर्गाष्टमी पर निकाली मां भवानी की शोभा यात्रा, महागौरी की हुई पूजा

शोभा यात्रा मोती चौक, गोकल गेट, रेलवे रोड, सरकुलर रोड व जीवली बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर में हुई सम्पन्न, श्रद्धालुओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के सभी मंदिरों में चैत्र नवरात्रों के अवसर पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां दुर्गा के 8वें नवरात्रे पर वीरवार को श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की पूजा-अर्चना की। शहर के बारा हजारी स्थित दुर्गा मंदिर से मंदिर समिति व श्रद्धालुओं की ओर से मां दुर्गा की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भगवान गणेश, शिव पार्वति, राधा-कृष्ण, अघोरियों व मां दुर्गा की झांकी शामिल रही। दुर्गा मंदिर से देर शाम निकाली गई शोभा यात्रा मोती चौक, गोकल गेट, रेलवे रोड, सरकुलर रोड व जीवली बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर में सम्पन्न हुई।

नवरात्र पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की ओर से पूरे दिन भजन-कीर्तन भी होते रहे, जिसमे बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल थे।







रेवाड़ी। अष्टमी पर दुर्गा माता मंदिर में सजी माता की प्रतिमा तथा रेवाड़ी। अष्टमी पर मंदिर में माता का गुणगान करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### आज होगी मां सिद्धिदात्री की उपासना

शुक्रवार को अंतिम नवरात्रे पर उपासक मां दुर्गा की 9वीं शक्ति सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान से पूजा करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्या, ईशित्व और वशित्व 8 सिद्धियां होती हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों को यह सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था, मां की अनुकंपा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हो गया था। इसी कारण वह लोक में अर्धनारीश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुए।



रेवाड़ी। अष्टमी पर अनाजमंडी में प्रसाद ग्रहण करती कंजिकाएं। फोटो : हरिभूमि

### नवमी पर मंदिरों में होंगे हवन व भंडारे

दुर्गाष्टमी का पर्व वीरवार को धूमधाम से मनाया गया। काफी भक्तों ने मां दुर्गा के नवरात्रों के व्रत रखे हुए थे, उनमें से कुछ व्रतियों ने अष्टमी पर मां दुर्गा की पूजा कर कंजिकाओं को भोजन कराकर अपने व्रतों का समापन किया। कंजिकाओं की व्यवस्था करने में व्रति प्रातः से ही जुट गए थे। कंजिकाओं का आशीर्वाद लेकर व्रतियों ने उन्हें उपहार आदि भी भेंट किए। काफी व्रती नवमी पर भी कंजिकाओं का पूजन कर अपने व्रतों का समापन करेंगे। शुक्रवार को श्रीराम नवमी के अवसर पर शहर के मंदिरों में हवन व भंडारे का आयोजन के साथ धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे।



रेवाड़ी। दुर्गा मंदिर में नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन करते हुए।

### दुर्गा मंदिर में नवनिर्मित हॉल का हुआ उद्घाटन

**धारूहेड़ा।** दुर्गाष्टमी पर वीरवार को गांव हांसाका स्थित दुर्गा माता मंदिर में सुबह से ही श्रृद्धालुओं की काफी भीड़ रही। इस अवसर पर अध्यापक संघ के प्रधान महावीर सिंह ने दुर्गा मंदिर में नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन किया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर पूरे दिन भजन-कीर्तन चलते रहे, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर कृष्ण नाथ महाराज, शिव कुमार, दिनेश, भूपेंद्र युद्धवीर, अजय सरपंच व सुशील पटवारी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।



रेवाड़ी। बावल रोड पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### मां भगवती भंडारे में स्टील के बर्तनों में खिलाया खाना

**रेवाड़ी।** नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा मार्केट एसोसिएशन की ओर से देशी घी के विशाल भंडारे को आयोजन किया गया। एसोसिएशन की ओर से मार्केट के दुकानदारों के सहयोग से प्रति वर्ष निर्जला एकादशी, दशहरा व नवरात्र पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। एसोसिएशन के सदस्यों ने दुर्गा माता के पूजन के बाद भंडारे का शुभारंभ किया। एसोसिएशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्लास्टिक की डिस्पोजल थाली व गिलास का उपयोग न करते हुए लोगों को स्टील के बर्तनों में खाना खिलाया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम 5 बजे तक जारी रहा, जिसमें हजारों लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।

## मुकदमों के निपटान के बाद बरामद सामान भी किया नष्ट



रेवाड़ी। बरामद सामान का निष्पादन करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

अदालत की ओर से मुकदमों के निपटान के बाद कोसली थाना के मालखाने में जमा सामान का निष्पादन किया गया। इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नाहड़ के बीडीपीओ अनिल कुमार मौजूद थे। थाने के मालखाना प्रभारी एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि 236 मुकदमों से संबंधित बरामद सामान में डंडा, राड, फावड़ा, मोबाइल, बैट्री, शराब व सैंपल का निष्पादन किया गया। इस मौके पर कोसली के थाना प्रबंधक मनोज कुमार यादव व एचसी विकास कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## गेट पास काटने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग

- दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन ने मार्केट कमेटी चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन अनाज मंडी का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल यादव से उनके कार्यालय में मिला। इस अवसर पर मार्केट कमेटी की ओर से गेटपास काटने की कठिन प्रक्रिया को सरल बनाने बाबत ज्ञापन दिया।

मार्केट कमेटी सदस्य बद्रीप्रसाद गर्ग ने बताया कि हाल ही में मार्केट कमेटी की ओर से ई खरीद पर मंडी में आने वाले किसानों के गेटपास के लिए उनका आधार कार्ड, मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवाना पड़ेगा व किसान के मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उसके बाद ही गेटपास कटेगा, जोकि किसानों को परेशान करने वाला साबित होगा। ज्ञापन में कहा कि कई बार एक ही ट्रैक्टर ट्रॉली में चार से पांच पांच किसान एक साथ अपना उत्पादन मंडी में भेज देते हैं व ट्रैक्टर वाले ड्राइवर को ही कह देते हैं कि आप बेच आना। ऐसी सूरत में किसके नंबर पर ओटीपी जाएगा। दुनिया में अनेक फ्रॉड होने की वजह से आम आदमी ओटीपी बताने से डरता है। बाजार में बिकने वाली जींस का रजिस्ट्रेशन पहले से नहीं होता है।

## जिले में घरेलू गैस स्थिति नियंत्रित : डीसी

- एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी, 81 घरेलू सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और कहीं भी किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिला प्रशासन की ओर से आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नागरिक घरेलू गैस को लेकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक न करें। डीएफएससी नितिश कुमार सिंगला ने कहा कि जिले में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध उपयोग के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभागीय टीमों की ओर से नियमित रूप से छापेमारी की जा रही है और अनियमित्ता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 81 घरेलू सिलेंडर भी जब्त किए गए है।

नितिश कुमार ने बताया कि वर्तमान में जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने बताया कि जिले में तेल विपणन कंपनियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत रखा गया है। प्रमुख तेल कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पास पर्याप्त मात्रा में गैस का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गैस सिलेंडर केवल अधिकृत एजेंसियों से ही प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सकें। जिले में एलपीजी गैस का स्टॉक पूर्ण है। लोगों को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा गया

- पीड़ित छात्रा और परिजनों ने न्यायिक कार्रवाई की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाई के कथित दोस्त ने एक नाबालिग छात्रा से न केवल दुष्कर्म किया, बल्कि उसे बदनाम कर देने की भी धमकी दी। डरी छात्रा ने आखिरकर बार बार परेशान करने से तंग होकर सारी बात अपनी मां को बता दी, जिस पर निजामपुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया, बल्कि उसे गिरफ्तार करने में भी देर नहीं लगाई। पुलिस ने आरोपित नयागांव निवासी करीब 28 वर्षीय आकाश को कोर्ट में पेश करने पर उसे नसीबपुर जेल भेज दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। उसकी मुलाकात उसके भाई की शादी में नयागांव के युवक से हुई थी। आरोपित उसके भाई का दोस्त है। एक शादी के दौरान ही युवक ने उससे उसका फोन नंबर लिया था। पीड़िता मुताबिक वह अपनी मां के मोबाइल फोन से उससे बात करने लगी। कुछ समय बाद आरोपित ने उसे बहला-फुसलाकर मिलने के लिए बुलाया। जब वह मिलने गई तो आरोपित उसे सरसों के खेत में ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी धमकी देकर ब्लैकमेल करता था।

### भाजपा शासन में भ्रष्ट तंत्र की खुली पोलः राव नरेंद्र

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ में सामने आए सरसों बारदाना घोटाले को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि यह मामला प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि किसानों की मेहनत और हक के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि खरीद प्रक्रिया में ही घोटाले हो रहे हैं। बारदाना जैसी बुनियादी व्यवस्था में गड़बड़ी यह साबित करती है कि सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है।

## सीईओ इंजीनियर मनीष राव होंगे रूस के चीफ गेस्ट

- अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में उपलब्धि दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए, रूस की प्रतिष्ठित नेशनल रिसर्च मोर्डोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एमआरएसयू ने आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव को बतौर ग्लोबल चीफ गेस्ट एक विशेष निमंत्रण भेजा है। यह निमंत्रण दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षिक संबंधों और आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक प्रमाण है। यह निमंत्रण इसी साल सात जनवरी को हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को ने अपने पत्र में आरपीएस ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने में ग्रुप का योगदान सराहनीय है। यूनिवर्सिटी के रेक्टर, दिमित्री ग्लुश्को द्वारा प्रेषित इन आधिकारिक पत्रों में न केवल इन्जीनियर मनीष राव को विश्वविद्यालय में एक ग्लोबल चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया है, बल्कि आरपीएस ग्रुप के दो मेधावी छात्रों के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है।



महेंद्रगढ़। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को से हाथ मिलाते मनीष राव।

### सीधे प्रवेश की पेशकश की

विश्वविद्यालय ने आरपीएस ग्रुप के उत्कृष्ट छात्रों भव्या गुणवाल स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ-2025 और आदीश जैन स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ- 2026) को सीधे प्रवेश की पेशकश की है। इन छात्रों की अंतरराष्ट्रीय मंच पर असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, विश्वविद्यालय उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और स्टाइपेंड प्रदान करेगा।

### स्टेशन पर दिव्यांगों को मिलेगी सुविधा

## रोटरी क्लब ने रेलवे जंक्शन को डोनेट की व्हील चेयर




रेवाड़ी। रेलवे को व्हील चेयर डोनेट करते हुए क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की ओर से वीरवार को रेलवे जंक्शन पर बुजुर्ग व दिव्यांगों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर डोनेट की गई। क्लब की प्रधान नेहा शर्मा ने रोटरी क्लब के कार्यों से अवगत कराया।

मौके पर रेलवे स्टेशन के एआरओ जितेंद्र यादव, डीसीएमआई राजकुमार शर्मा, एनडब्ल्यूआरईयू चेयरमैन मुकेश यादव, सीआरएस पूर्णचंद चोपड़ा, सीबीएस संजय मीणा व सीएचआई अशोक भैरवाल, सचिव अनुकूल शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल जैन, जीआरपी रेलवार्डन सचिव व आरपीएफ मित्र रमेश वशिष्ठ मौजूद थे।

### छह माह पहले 30 सितंबर को संपन्न हुए थे चुनाव

# नाहड़ पैक्स प्रबंध कमेटी के चुनाव का परिणाम घोषित

बिना नो -ड्यूज मतदान के आरोपों पर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

दी नाहड़ बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड यानि नाहड़ पैक्स प्रबंध कमेटी के चुनाव का परिणाम घोषित हो गया। नाहड़ पैक्स के चुनाव करीब 6 महीने पहले 30 सितंबर को संपन्न हुए थे। नाहड़ गांव में बने बूथ नंबर 1 व 2 और बिसोहा गांव में बने बूथ नंबर 4 व 5 पर मतदान के बाद उसी समय गिनती संपन्न हो गई थी, लेकिन लूखी गांव के बूथ नंबर 3 पर कुछ सदस्यों द्वारा बिना नो-ड्यूज के मतदान करने के आरोपों के कारण विवाद हो गया था।

विवाद के बाद एआर की ओर से परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी गई थी और मतपत्रों को मतपेटी में सीलबंद करके पुलिस प्रशासन की देखरेख में रेवाड़ी एआर कार्यालय में जमा किया गया था। इसके बाद एआर और डीआर गुरुग्राम को अपील की गई। अपीलों के निपटान के बाद रेवाड़ी के एआर नरेश कुमार की देखरेख में कार्यालय में सीलबंद मतपेटी के मतपत्रों की मतगणना कराई गई और पीठासीन अधिकारी मुकेश कुमार ने चुनाव परिणाम घोषित कर दिया।




सुमन देवी।



दयानंद यादव।




अजीत सिंह।



राजेश कुमार।



हरेन्द्र सिंह।



विजय सिंह।

### ये रहे विजयी

नाहड़ निवासी सुमन देवी, दयानंद यादव, अजीत सिंह खुर्शीद नगर, राजेश कुमार नयागांव बहाला, हरेन्द्र सिंह लुखी व विजय सिंह मुमताजपुर को विजय घोषित किया गया है। नाहड़ पैक्स प्रबंधन कमेटी के 10 सदस्यीय समिति का गठन होना था, जिसमें मतदान से पहले ही सतीश कुमार, कंवर सिंह, प्रदीप कुमार व संतोष देवी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए थे। इस अवसर पर पैक्स के बूथ नंबर 3 के चुनाव अधिकारी अरुण कुमार, मनीष कुमार, नाहड़ पैक्स के चुनाव प्रबंधक सतबीर सिंह व उम्मीदवार उपस्थित थे।

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, आसमान में छाए बादल

**नारनौल।** हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव व तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दोपहर से बादलों की आवाजाही देखने को मिली। वीरवार को जिले में बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी हुई। पश्चिमी व दक्षिणी पश्चिमी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। असर शुक्रवार रात्रि को हरियाणा के पश्चिमी व उत्तरी के साथ दक्षिणी जिलों में 20-25 % हिस्सों में बिखराव वाली हल्की बारिश व बूंदाबांदी देखने को मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### बासदुधा में तीन दिवसीय मेला कल से

**खोरी।** बासदुधा में हर साल लगने वाला बाबा भैंरू का 3 दिवसीय मेला 28 मार्च से शुरू होगा। इस मेले में देश के दूर-दराज इलाकों से लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। रोडवेज विभाग की ओर से मेला शुरू होते ही स्पेशल बसों का संचालन किया जाता है। मेला प्रबंधन कमेटी और ग्रामीणों की ओर से मेले के लिए व्यापक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। थाना खोल पुलिस ने मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक इंतजाम किए हैं। यह मेला बाबा भैंरू के विवाह उपरांत 30 मार्च को संपन्न हो जाएगा।

### अनाज मंडी में गेट पास के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से अनाज मंडियों में रबी फसल खरीद को लेकर मापदंड निर्धारित किए है, जिसके तहत मंडियों में गेट पास फोटो सत्यापन के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य की गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अनाज मंडियों में रबी फसल की खरीद के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इसी के साथ सरकार ने मंडियों में गेट पास फोटो सत्यापन के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य है। गेट पास के लिए किसान का बायोमेट्रिक सत्यापन भी आवश्यक होगा। हरियाणा सरकार की ओर से गेहूं 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

### कार्य के कारण 9 व 10 मई को रेलसेवाएं आंशिक रद्द

# जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड के स्टेशनों के मध्य होगा आरयूबी लॉन्चिंग कार्य

गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 10 मई को जयपुर से प्रस्थान करके अलवर तक ही संचालित होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मंडल के जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड के खैरथल-पड़ीसल स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या-95 और पड़ीसल-अलवर स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या-106 पर आरयूबी लॉन्चिंग कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित, रेगूलेट व री-शेड्यूल रहेगी। गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 10 मई को जयपुर से प्रस्थान करके अलवर तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा अलवर-रेवाड़ी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 10 मई को रेवाड़ी के स्थान पर अलवर से संचालित होगी।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

#### रेगुलेट व री-शेड्यूल रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 12986 दिल्ली सराय-जयपुर रेलसेवा 10 मई को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके मार्ग में 40 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 12016 अजमेर-नई दिल्ली रेलसेवा 10 मई को अजमेर से प्रस्थान करके मार्ग में 15 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 12249 शकूरबस्ती-जैसलमेर रेलसेवा 10 मई को शकूरबस्ती से प्रस्थान करके मार्ग में 30 मिनट रेगुलेट रहेगी। इनके अलावा गाड़ी संख्या 14726 मथुरा-भिवानी रेलसेवा 10 मई को मथुरा से अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 10 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी। वही गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मूतवी रेलसेवा 10 मई को अजमेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

#### प्रारंभिक स्टेशन से मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 9 मई को भुज से प्रस्थान करके निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत रेलसेवा 10 मई को जोधपुर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग डेगाना-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जयपुर-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 10 मई को बाड़मेर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग डेगाना-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग डेगाना-रतनगढ-लोहारू-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी- बाड़मेर रेलसेवा 9 मई को जम्मूतवी से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-डेगाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-लोहारू-रतनगढ-डेगाना होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 10 मई को बरेली से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19566 देहरादून-ओखा रेलसेवा 10 मई को देहरादून से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20937 पोदबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा 9 मई को पोरबंदर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत रेलसेवा 10 मई को दिल्ली कैंट से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-डेगाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12916 दिल्ली-साबरमती रेलसेवा 10 मई को दिल्ली से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा 10 मई को जैसलमेर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग जोधपुर-मारवाड-अजमेर-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जोधपुर-डेगाना-रतनगढ-लोहारू-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20990 चंडीगढ-उदयपुर सिटी रेलसेवा 10 मई को चंडीगढ से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी।


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित विहिप के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## रामनवमी पर कार्यक्रम को लेकर बनाई गई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ कार्यक्रमों की योजना जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बनाई गई

नई अनाज मंडी में विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने की। राधेश्याम मित्तल ने बताया कि 27 मार्च को रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद की ओर से 101 धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की योजना जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बनाई गई है। जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जोशी ने कहा कि आयोजनों का उद्देश्य समाज में परिवार प्रबोधन, धार्मिक जागरूकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होंगे, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनेंगे। शहर में करीब 32 कार्यक्रम व धारूहेड़ा क्षेत्र में 15 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होगा, वही ग्रामीण क्षेत्रों के 54 स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन शामिल होंगे। विहिप के सदस्यों ने बताया कार्यक्रमों में मुख्य केंद्र जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिर होगे, जिसमें दीपोत्सव का मुख्य कार्यक्रम रहेगा। अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में दीप जलाकर उत्सव मनाएंगे। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री परमेश कुमार ने सभी राम भक्तों को आह्वान किया है कि सभी अपने क्षेत्र के मंदिर में देशी घी का दीपक लेकर जाए और उसे प्रज्वलित करें।

## कोसली विधायक आज डहीना ब्लॉक में सुनेंगे जनसमस्याएं

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव 27 मार्च को सुबह 11 से एक बजे तक डहीना के कंवाली रोड पर स्थित बीडीपीओ कार्यालय में जन समस्याएं सुनेंगे। अनिल यादव ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिक अपनी शिकायत को लिखित में लेकर आए, जिससे कि उस पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर सरकारी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।


रेवाड़ी। कोसली के देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की कतार। फोटो : हरिभूमि

## कोसली के देवी माता मंदिर में अष्टमी पर लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

■ देवी माता के मंदिर में नवजात शिशुओं के मुंडन संस्कार की भी परंपरा

दुर्गाष्टमी के पर्व पर देवी माता मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। देवी मंदिर में मेला साल में दो बार नवरात्रों के दौरान लगता है। मेले में दूर-दूराज क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगी। देवी माता के मंदिर में नवजात शिशुओं के मुंडन संस्कार की भी परंपरा है। इसके साथ-साथ नवविवाहित जोड़े भी माता का आशीर्वाद लेने आते हैं। क्षेत्र के श्रद्धालु देवी माता के मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में दूध व दही चढ़ाकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। मंदिर में सुबह से ही श्रृद्धालुओं की कतार लगी रही। मेले के आयोजन में मा. लखन, अमन सेठ, कमल, बिट्टू और हरिओम ने योगदान दिया।

## मकान की एसी विंडो से घुसे चोर लाखों रुपये के जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नूरपुर गांव में चोर एक बंद मकान की एसी विंडो से घुसकर घर की अलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। रोहड़ाई पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी। दीपक और उसकी पत्नी शालू ने बताया कि वह कुछ दिन पहले गांव से शहर में किराए का मकान लेकर रहने लगे थे। गांव के मकान का एसी खराब होने के कारण रिपेयर के लिए उतरवा दिया था। शहर आते समय जेवरात घर के कमरे में रखी अलमारी में ही छोड़ दिए थे। वीरवार को जब वह अपने गांव गए, तो मकान खोलते ही कमरे में रखी अलमारी खुली मिली। चोर अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स, दो सोने की अंगूठियां व चांदी के काफी आभूषण चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना रोहड़ाई पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी की जांच शुरू कर दी। एसएचओ विद्यासागर ने बताया कि चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# वकीलों ने बड़ा तालाब हनुमान मंदिर में गंदा पानी घुसने पर की कार्रवाई की मांग


रेवाड़ी। गत 18 मार्च को हनुमान मंदिर में भरे गंदे पानी का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ गंदगी फैलाने के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की

शहर के प्राचीन बड़ा तालाब हनुमान मंदिर में सीवरेज पानी भरने की समस्या को लेकर वकीलों ने नाराजगी जताते हुए विभाग के खिलाफ कार्रवाई मांग की है। अधिवक्ताओं ने इसे धार्मिक भावना आहत करने का मामला बताया है। गत 18 मार्च को तेज बरसात आने पर मंदिर परिसर में सीवर का पानी भर गया था, जिससे श्रृद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में अधिवक्ताओं ने कहा कि इस मामले में किसी भी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी की कोई गलती पाई जाती है, तो उसे पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हनुमान मंदिर में सीवर का पानी घुसने तथा गंदगी फैलाने के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाए गए हैं कि यह उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। सीवर का कनेक्शन न जोड़ने के कारण गत 18 मार्च को मंदिर परिसर के अंदर तक सीवरेज और नाली का पानी चला गया था। अधिवक्ताओं ने कहा कि सीवर का कनेक्शन न जोड़ने के कारण नवनिर्मित सीवर लाइन और सड़क पर गंदगी का अंबार लग गया, जिससे आसपास के लोगों के स्वास्थ्य का भी खतरा बना हुआ है। इस मौके पर एडवोकेट अश्वनी तिवारी, शौकीन शर्मा, नरेश यादव, मुकेश कुमार, त्रिलोकचंद तोंगड़, दिलीप अरोड़ा, सत्यवीर सिंह यादव, मनोज कुमार, भूपेंद्र यादव व रजवंत डहीनवाल मौजूद थे।

## लाक्षी शर्मा ने आईआईटी गेट परीक्षा में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


लाक्षी शर्मा

शहर के मोहल्ला मेहरवाड़ा निवासी लाक्षी शर्मा पुत्री सतीश मस्तान ने हाल ही में घोषित आईआईटी गेट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की है। लाक्षी शर्मा ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग की परीक्षा में अर्थशास्त्र विषय में अखिल भारत स्तर पर 88वीं रैंक प्राप्त की। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थान के संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भी अखिल भारत स्तर पर 177वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज ने लाक्षी को बधाई दी। लाक्षी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं एवं अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, आशीर्वाद और निरंतर सहयोग को दिया हैं। ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान चंद्रशेखर गौतम, उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष खुशहाल शर्मा, महासचिव जयकुमार कौशिक, पूर्व प्रधान विष्णुदत्त शर्मा एडवोकेट, पूर्व कार्यकारी प्रधान प्रेम कौशिक, मैनेजर हेमंत भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, रमेश वशिष्ठ, जितेन्द्र तिवाड़ी, महेश वशिष्ठ, दिनेश वशिष्ठ व दीपक गौड़ सहित समाज के गणमान्य लोगों ने लाक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## टूर्नामेंट मैच में गामड़ी जूनियर्स ने लुखी की टीम को 88 रनों से हराकर जीत दर्ज की

**कोसली।** गांव गुर्जरवास स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। प्रतियोगिता में नेहरूगढ़ जूनियर्स, न्यू एरा पब्लिक स्कूल गुर्जरवास, कोसली स्टेशन, सुरेहली, कोसली गांव, बव्वा, रामगढ़, लुखी, नाहड़, श्यामनगर, सूमा खेड़ा, भुरथला, झाल, जुड्डी व बिसोहा सहित विभिन्न गांवों की 31 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में गामड़ी जूनियर्स ने लुखी की टीम को 88 रनों से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद न्यू एरा पब्लिक स्कूल की टीम ने कोहारड़ को हराया। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में लुखी ने 32 रनों से जीत हासिल की, वहीं बिसोहा ने कोसली को 8 विकेट से पराजित किया। न्यू एरा पब्लिक स्कूल गुर्जरवास की टीम ने सूमा खेड़ा को 18 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में न्यू एरा टीम ने लुखी को 8 विकेट से हराया, जबकि सुरेहली की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला न्यू एरा पब्लिक स्कूल गुर्जरवास और सुरेहली के बीच खेला गया। सुरेहली की टीम ने टास जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू एरा पब्लिक स्कूल ने निर्धारित ओवरों में 50 रन बनाए। जवाब में सुरेहली की टीम 47 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यू एरा पब्लिक स्कूल ने 4 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।


रेवाड़ी। क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा थोड़ी सी लापरवाही से बैंक खाता, सोशल मीडिया व पहचान से जुड़ी जानकारी हो सकती है चोरी

# सावधान: फिशिंग व सोशल इंजीनियरिंग के जरिए हो रहे साइबर फ्रॉड, मजबूत पासवर्ड रखें

सोशल इंजीनियरिंग में ठग भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक तरीके अपनाकर लोगों को भ्रमित करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को बताया कि साइबर अपराधी फिशिंग और सोशल इंजीनियरिंग तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों के साथ धोखाधड़ी करके उनकी गोपनीय जानकारी हासिल कर रहे हैं। ये तरीके दिखने में साधारण लगते हैं, लेकिन इनके जरिए बड़े स्तर पर आर्थिक ठगी की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिशिंग में साइबर ठग फर्जी ईमेल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज भेजकर लोगों को किसी लिंक पर क्लिक करने के लिए प्रेरित करते हैं। ये लिंक देखने में बैंक, सरकारी वेबसाइट या किसी प्रतिष्ठित कंपनी जैसे लगते हैं, लेकिन वास्तव में नकली होते हैं। जैसे ही यूजर उस लिंक पर अपनी जानकारी जैसे यूजरनेम, पासवर्ड, ओटीपी व कार्ड डिटेल दर्ज करता है, तो वह सीधे ठगों के पास पहुंच जाती है। वहीं सोशल इंजीनियरिंग में ठग भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक तरीके अपनाकर लोगों को भ्रमित करते हैं। वे खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस कर्मचारी, रिश्तेदार या किसी कंपनी का प्रतिनिधि बताकर विश्वास जीतते हैं और फिर किसी भी बहाने से जरूरी जानकारी हासिल कर लेते हैं।

#### आम तौर पर ऐसे किया जा रहा फ्रॉड

ठगों की ओर से आपका बैंक खाता बंद हो जाएगा या केवाईसी अपडेट करें जैसे मैसेज भेजे जाते हैं। लॉटरी, इनाम, जॉब ऑफर या रिफंड के नाम पर लिंक भेजा जाता है। ठग की ओर से कॉल करके खुद को बैंक, पुलिस व सरकारी अधिकारी बताकर डराया या लालच दिया जाता है। सोशल मीडिया अकाउंट हैक करके परिचितों से पैसे मांगने के मैसेज भेजे जाते हैं।

#### साइबर ठगी से ऐसे करें बचाव

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें। बैंक, सरकारी संस्था या कोई भी कंपनी कभी भी फोन या मैसेज के जरिए ओटीपी, पासवर्ड या कार्ड डिटेल नहीं मांगती है। किसी भी कॉल या मैसेज में दी गई जानकारी पर तुरंत भरोसा न करें, पहले सत्यापन करें। अपने सभी ऑनलाइन अकाउंट्स के लिए मजबूत पासवर्ड रखें और समय-समय पर बदलते रहें। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को हमेशा सक्रिय रखें। सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, पता व बैंक डिटेल साझा करने से बचें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और साइबरक्राइम जीओवीइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। एसपी ने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा करने से पहले जरूर सोचें।